ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

बीएड की परीक्षाएं शुरू, कुलगुरू और कुलसचिव ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 नवम्बर. जीवाजी विश्वविद्यालय की आज बीएड की परीक्षाएं प्रारंभ हुई इन परीक्षाओं के दौरान नकल पर अंकुश लगाने के लिए कुलगुरु प्रोफेसर राजकुमार आचार्य ने अध्ययन शालाओं का निरीक्षण कियाऔर नकल न करने की हिदायत दी। उनके साथ कुल सचिव प्रोफेसर राकेश कुशवाह और परीक्षा नियंत्रक राजीव मिश्रा ने भी परीक्षाओं का निरीक्षण किया।

जीवाजी विश्वविद्यालय की आज बीएड की परीक्षाएं शुरू हुई परीक्षाओं पर नजर रखने के लिए कुल गुरु ने जीवाजी विश्वविद्यालय की अध्ययनशाला और साइंस कॉलेज में जाकर परीक्षाओं का निरीक्षण किया इस दौरान उनके साथ कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक भी साथ थे। इस अवसर पर कुल गुरु प्रोफेसर राजकुमार आचार्य ने परीक्षाओं की व्यवस्था देखी और नकल न करने की हिदायत दी। आज के दल मैं प्रो. संजय कुलश्रेष्ठ, प्रोफेसर मुकुल तेलंग, डॉ सत्येंद्र सिकरवार डॉ सुनिशा कुलकर्णी आदि लोग शामिल थे।

कोचिंग जाने की बोलकर गायब हुई नाबालिग बालिका वृंदावन में मिली

ग्वालियर। कोचिंग जाने की बोलकर गायब हुई नाबालिग बालिका को थाना माधौगंज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर वृंदावन से बरामद कर लिया वीनेश (परिवर्तित नाम) निवासी गुढा थाना माधौगंज की लड़की सोनम(परिवर्तित नाम) उम्र 17 साल कोचिंग पढ़ने के लिए घर से गई थी, मेरी लड़की न कोचिंग पहुंची और न घर वापस आई। लड़की को काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नही चला। थाना माधौगंज में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पुलिस को तकनीकी सहायता के आधार पर जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त अपहृत बालिका वृंदावन जिला मथुरा(उ.प्र.) गई है।पुलिस की टीम को वृंदावन के लिए रवाना किया गया।

एक नजर में

श्रीजी ज्वैल्स के हर घर दीवाली महोत्सव में निकला बंपर लक्की ड्रॉ, भाग्यशाली ग्राहकों को मिले शानदार ईनाम

ग्वालियर 18 नवम्बर। सिटी सेंटर स्थित श्रीजी ज्वैल्स पर 2 माह से चल रहे हर घर दीवाली महोत्सव का 17 नवम्बर को बंपर लक्की ड्रॉ निकाला गया, जिसमें 3 भाग्यशाली ग्राहकों को लाखों के ईनाम मिले। ये लक्की ड्रॉ प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी द्वारा खास मौके पर निकाला गया। इस खास मौके पर उन्होंने श्रीजी ज्वैल्स के आकर्षक गोल्ड ज्वैलरी कलेक्शन को देखा और उसकी, काफी सराहना की। सोमवार को निकाले गये बंपर लक्की ड्रॉ में प्रथम स्थान पर कूपन नं. 2042 निकला, जिसकी धारक श्रीमती श्वेता सिंघल को होन्डा एक्टिवा 7जी मिली है। वहीं दूसरा पुरस्कार में कूपन नं. 0235 निकला, जिसके धारक श्री अनय जी को क्रोमा कंपनी का 50 इंच का स्मार्ट टीवी मिला। इसी तरह कूपन नं. 2030 की धारक श्रीमती अंकिता सिंघल जी को तीसरे पुरस्कार के रूप में डायमंड की खूबसूरत रिंग मिली है । बंपर लक्की ड्रॉ के मौके पर श्रीजी ज्वैल्स की ओर से श्री विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, मितुल अग्रवाल, एकांक्ष अग्रवाल विशेष रूप में उपस्थित रहे।

पांच युवकों की मौत, ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक को दबोच लाई पुलिस

ग्वालियर 18 नवम्बर. सिरोल पुलिस ने लगातार छापेमारी के बाद उस ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया जिसकी रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से फॉर्च्यूनर के भिड़ने के बाद पांच दोस्तों की जान चली गई थी। इसका नाम लोकेंद्र बघेल बताया गया है। पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली के मालिक को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और लोकेंद्र बघेल की तलाश में दिन-रात एक किए हुए थे। मूलतः पिछोर (डबरा) का रहने वाला लोकेंद्र पुलिस के साथ लगातार लुकाछिपी का खेल खेल रहा था पर पुलिस भी परछाई की तरह इसके पीछे लगी हुई थी। वैसे कुछ लोगों का यह भी कहना है कि जब पुलिस ने लोकेंद्र के परिजनों की नकेल कसी तो इसने सरेंडर करने में ही भलाई समझी।

स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की 97 वीं पुण्यतिथि मनाई

ग्वालियर-स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के अध्यक्ष नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 97 वीं पुण्यतिथि चिड़ियाघर स्थित लाल बाल पाल की प्रतिमा पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। लाला लाजपत राय भारत के वीर सेनानी थे 20 फरवरी 1920 को अमेरिका से शिक्षा प्राप्त कर भारत लौटे लौटते उन्होंने गांधी जी द्वारा चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन में अपने भागीदारी दी एवं साइमन कमीशन का विरोध किया। साइमन कमीशन के विरोध में उनके ऊपर लाठी चार्ज हुआ जिससे वह ठीक नहीं हो सके 17 नवंबर 1928 को उनकी मृत्यु हो गई। लाल बाल पाल यह तीनों की तिकड़ी थी। उन्होंने कहा था मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक चोट ब्रिटिश साम्राज्य के ताबूत की कील बनेगी।

श्री रामभक्त मंडल ग्वालियर ने मनाया अन्नकूट समारोह

ग्वालियर-लगभग विगत 6 वर्षों से अपने सदस्यों के साथ दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजन में सर्वप्रथम प्रातः 8 बजे लाल टिपारा गौशाला में श्री गौमाता को 11 कुंटल हरे चारे का भोग लगाया। तत्पश्चात 2 कुंटल अन्नकूट प्रसादी (रामभाज, पूड़ी, बूंदी) का मंडल के आराध्य देव श्री सीताराम जी को भोग अर्पण किया गया। अन्नकूट को प्रसाद स्वरूप केंसर हॉस्पिटल परिसर में निर्धन निराश्रित लोगों को वितरण किया गया। साथ ही अन्नकूट का एक-एक पेकिट बना कर मंडल के समस्त सदस्यों को भी प्रसाद स्वरूप दिया गया।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **रानी**, पति **चरन सिंह**, जाति, बघेल निवासी- ग्राम- भुजपुरा, तहसील एवं जिला- भिंड (म.प्र.) सूचित करती हूँ कि मेरे पति **चरन सिंह**, आर्मी में हवलदार के पद पर पदस्थ हैं, जिनका आर्मी नंबर 14439880F है। मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम **रानी** दर्ज है, जबकि मेरे अन्य वैध दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में मेरा नाम **रानी देवी** दर्ज है, जो कि सही एवं सत्य है। अतः भविष्य में मेरे पति के सर्विस रिकॉर्ड सहित समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम **रानी देवी** ही पढ़ा-लिखा एवं मान्य किया जावे।

सूचनाकर्ता
रानी देवी पत्नी श्री चरन सिंह बघेल
निवासी ग्राम भुजपुरा तहसील भिंड
जिला भिंड मध्य प्रदेश

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमन पचौरी पत्नी श्री अनिल पचौरी, निवासी लक्ष्मी कॉलोनी, गली नं. 04, डबरा, जिला ग्वालियर (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के एक प्लॉट क्रमांक 65, जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफिट होकर जो सर्वे क्रमांक 177/1/4 का भाग, ग्राम जडेरुआकलां, न. नि. वार्ड 19, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म. प्र.) में स्थित होकर जिसके पूर्व में प्लॉट नं. 74, पश्चिम में 20 फीट रोड कॉलोनी, उत्तर में प्लॉट क्रमांक 64 व दक्षिण में प्लॉट क्रमांक 66 है, जिस पर निर्माण करने हेतु आवेदिका ने मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था से यहां ऋण हेतु आवेदन किया है जिस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति आवेदिका ने पूर्व स्वामी राजकिशोर पुत्र श्री घोरु सिंह से जर्ये रजिस्टर्ड बिक्रयपत्र पंजीयन क्रमांक एमपी21आईजीआर 17412025ए100351512 एवं पंजीयन दिनांक 12.05.2025 के माध्यम से प्राप्त की है। पूर्व स्वामी श्री राजकिशोर के अतिरिक्त उक्त सर्वे क्रमांक की उक्त प्लॉट संपत्ति के अन्य सहस्वामी है किन्तु आवेदिकानुसार उसने पूर्व स्वामी श्री राजकिशोर के हिस्से में ही उक्त संपत्ति उससे से क्रय की है जिसमें सहस्वामियों को कोई आपत्ति नहीं थी। चूंकि उक्त संपत्ति पर ऋण प्रस्तावित है इसलिये यदि सहस्वामी को अन्यथा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, किसी निकाय आदि को उपरोक्त वर्णित संपत्ति को बंधक किये जाने में कोई या कैसी भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् कोई भी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। इतिदिनांक 18.11.2025

प्रेषक- **गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)**
कार्या. / नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

शहर में आज 4 घंटे बिजली कटौती

ग्वालियर 18 नवम्बर. शहर में विद्युत निर्माण कार्य एवं एच.टी. मेन्टीनेंस संभाग के द्वारा आवश्यक संधारण कार्य कराये जाने के कारण आज 19 नवम्बर (बुधवार) को निम्नांकित क्षेत्रों पर विधुत अवरोध रहेगा। कार्य की आवश्यकतानुसार समय को बढ़ाया/घटाया जा सकता है

इन क्षेत्रों में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक रहेगी बिजली कटौती-श्याम मंदिर,काली माता मंदिर,शीतला माता, तिकोनिया पार्क, असिस्टेन्ट लाइन, श्याम मंदिर, सिमको लाईन, न्यू एवं ओल्ड चन्दन पुरा, लाईन नं. 3. आदि क्षेत्र। पवन मेडिकल, आऊ खाना, घासमण्डी धर्मशाला, किलागेट, छोटा बाजार, लखेरा गली, सराफा बाजार, श्रीकृष्ण स्कूल के पास वाला क्षेत्र आदि क्षेत्र । पुरानी रेशम मिल, आनंद नगर, काँच मिल, शीतला माता मंदिर आदि क्षेत्र। कॉच मिल उपकेन्द्र से सम्पूर्ण रेशम मिल, प्रगति नगर, मोतीलाल रोड, कॉच मिल, आनन्द नगर आदि क्षेत्र। पार्किंग नं-4.5 एवं 6, बदनापुरा, शंकरपुर आदि क्षेत्र,जलालपुर ,जलालपुर चौराहा, बालाजी धाम, दाने बाबा मंदिर आदि क्षेत्र। आई.आई.आई.टी. एम. के. पीछे, इन्द्रा नगर, पी.एच.ई. कॉलोनी आदि क्षेत्र। चार शहर का नाका, चोड़े के हनुमान, पुलिस कॉलोनी,राजीव आवास,प्रकाश नगर,भीकम नगर,शर्मा फार्म रोड,इन्द्रा कॉलोनी आदि क्षेत्र।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 41, भवन क्रं 1132,स्थान बतासे वाली गली ग्वा0 मे स्थित है जो कि विधा गर्दे/स्व. श्री लक्ष्मण नारायण के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 1000157767 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 430 वर्गफु ट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602021ए1693844 दिनांक 13.08.2021 से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्र 16, पर दिनांक 17.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38253/60463 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक. 18.11.2025
आवेदक-श्रीमती वर्षा तलेगांवकर/ श्री रवि तलेगांवकर,पता-बतासे वाली गली ग्वालियर

क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
दीनदयाल नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ग्वालियर-474020
Email-ropcb-gwalior@mp.gov.in, Ph.: 0751-2472020

भूलसुधार/ सूचना

एतद् द्वारा सूचित हों कि दिनांक 31.10.2025 को नव भारत में प्रकाशित म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लोक सुनवाई की सूचना की विज्ञप्ति में लोक सुनवाई की तिथि 31/12/2025 के स्थान पर लोक सुनवाई की तिथि 03/12/2025 पढा जावे, जिसका क्रमांक/3462/क्षे.का.प्र.नि.बो./ग्वा./2025 दिनांक 30.10.2025 है, शेष यथवत रहेगा।

(आर.आर.सिंह सेंगर) क्षेत्रीय अधिकारी

अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक समागम का भव्य समापन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 नवम्बर. मध्य प्रदेश: 18.11.2025: अटल बिहारी वाजपेयी-भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय CANDEE-2025 सम्मेलन का कल भव्य समापन हुआ। ज्ञान, नवाचार और उत्कृष्ट शोध की त्रिवेणी बने इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं वैज्ञानिकों ने नैनोमैटेरियल्स, उन्नत उपकरणों और भविष्य की उभरती तकनीकों पर अपने विचार साझा किए।

सम्मेलन के प्रमुख आकर्षण में विश्व-प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रो. चेनुपाटी जगदीश का कीनोट संबोधन शामिल रहा, जिसमें उन्होंने 'सेमीकंडक्टर नैनोस्ट्रक्चर्स फॉर ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एप्लीकेशन्स' विषय पर नवीनतम शोध प्रस्तुत करते हुए नैनोवायर, नैनोमेम्ब्रेन और माइक्रोरिंग्स की उन्नत ऑप्टिकल विशेषताओं को विस्तार से समझाया। इसके पश्चात एएमपीआरआई, भोपाल की

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अर्चना सिंह ने राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

यंग साइंटिस्ट अवार्ड श्रेणी में युवा शोधकर्ताओं को सम्मानित किया गया, जिनमें यंग वूमेन साइंटिस्ट अवार्ड मिस सूर्या (साइंस बाई कॉलेज, प्रतापगढ़), बेस्ट ओरल प्रेजेंटेशन अवार्ड: मयंक अग्रवाल, डॉ. नीलकंठ मिश्रा (आई आई टी रोपड) , मिस राखी साहा (आई आई टी इंदोर), आयुषी सिंघल (सी एस आई आर भोपाल) , दीपा ठाकुर (यू पी ई एस देहरादून) एवं डॉ. अर्पणा (ए आई आई एम एस भोपाल), बेस्ट पोस्टर-फ्ष्ट्स अवार्ड: कविता रानी (कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी), प्रतीक यादव (बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी) , अरनीत कौर (आई एन एस टी मोहाली) एवं वंदना त्यागी (ए बी वी ट्रिपल आई टी एम ग्वालियर), बेस्ट पोस्टर अवार्ड: शैनीया (बीआईटीएस, पिलानी गोवा), तारा यादव (डीआरडीई ग्वालियर) , डॉ. हर्ष (जेआईआईटी नोएडा) , राहुल (ए बी वी ट्रिपल आई टी एम ग्वालियर) एवं शैलेंद्र यादव (ए बी वी ट्रिपल आई टी एम ग्वालियर) शामिल रहे ।

समापन अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. आहूजा ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन विद्यार्थियों में ज्ञान-विनिमय को बढ़ाते हैं. सम्मेलन के संयोजक प्रो. अनुराग श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों की ऊर्जा और समर्पण की सराहना की. कार्यक्रम सम्बंधित जानकारी संस्थान की मीडिया प्रभारी दीपा सिंह सिसोदिया के द्वारा प्रदान की गयी ।

कार्यालयः क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर, म.प्र.
(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र. शासन)
दूरभाषः 0751-2920291, ई-मेलः etcgwalior@yahoo.com, etcgwalior@gmail.com

निविदा निरस्त करने बाबत

क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर द्वारा दिनांक 17.11.25 को प्रकाशित विज्ञप्ति अपरिहार्य कारणों से आगामी अन्य आदेश तक निरस्त की जाती है।

उपायुक्त (वि) प्राचार्य
क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज
प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर म.प्र.

पति ने पत्नी को पीटा, भाई बचाने आया तो उसे धुना

ग्वालियर 18 नवम्बर. घरेलू बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद बाद में मारपीट में बदला और थाने तक जा पहुंचा। पत्नी का आरोप है कि पति चाहे जब उसके साथ मारपीट करता है। पत्नी का भाई विवाद सुलझाने आया तो आरोपी पति ने उसे भी धुन दिया। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के नारायण विहार कॉलोनी में बीते रोज की है। सावित्री नरवरिया 38 वर्ष का अपने पति राजवीर नरवरिया से घरेलू बातों को विवाद हो गया। सुबह-सुबह हुआ पति-पत्नी का विवाद इतना बढ़ा कि राजवीर ने सावित्री के साथ मारपीट कर दी।

आम सूचना

श्री पंकज जैन पुत्र श्री जीतेन्द्र कुमार जैन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम सिरोही, प.ह.नं.63, रा.नि.मं.02 (डबरा), तहसील डबरा एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर पालिका डबरा वार्ड क्र.29 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.525/1 ग्राम सिरोही का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 862 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-भूमि दीगर, पश्चिम में-भूखण्ड रामनरेश, उत्तर में-भूमि शाक्य एवं दक्षिण में-रास्ता 30 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री गुरूदेव पुत्र श्री संतान सिंह के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री गुरूदेव का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री परमजीत, श्री प्रीतम सिंह पुत्रगण स्व. श्री गुरुदेव सिंह एवं अन्य उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री परमजीत सिंह द्वारा सम्पत्ति 1764 वर्गफुट एरिया श्री पंकज जैन पुत्र श्री जीतेन्द्र कुमार जैन एवं श्री राधेश्याम गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142582024 ए1926922 दिनांक 19.07.2024 से विक्रय की गई। श्री पंकज जैन एवं श्री राधेश्याम गुप्ता द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती गीता पत्नी श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती गीता द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री गुरूदेव के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा संतोषीबाई पत्नी श्री रामनरेश ने उक्त अचल सम्पत्ति भवन स्थित तृप्ती नगर मुरार ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 3540 का भाग 440 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 23 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती शारदा जादौन पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह जादौन की क्रयशुदा सम्पत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्र. ई रजिस्ट्रेशन क्र. एम पी 142592015ए1091397 तारीखी 24.09.2015 में रवि कुशवाह पुत्र स्व. श्री जुगराज सिंह कुशवाह से क्रय किया । मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:-पूर्व में-भवन सत्यनारायण शर्मा,पश्चिम में- रोड, उत्तर में-भवन वन्दना शर्मा, दक्षिण में - मुकेश पाल जिसका कुल क्षेत्रफल 440 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के पूर्व विक्रेता रवि कुशवाह पुत्र स्व. श्री जुगराज सिंह कुशवाह अचल सम्पत्ति भवन मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती शारदा जादौन पत्नि श्री राजेन्द्र सिंह जादौन को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता रवि कुशवाह पुत्र स्व. श्री जुगराज सिंह के परिवार सदस्य श्रीमती विथनबाई पत्नी स्व. श्री जुगराज, वीरेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व. श्री जुगराज सिंह को कोई उज्र व आपति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा उक्त अचल संपत्ति भवन का कुल क्षेत्रफल 440 वर्गफुट को कय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा ई. जी. होम फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सुचित हो ।

दिनांक-18/11/2025
स्थान-ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार श्यामलाल शाक्य पुत्र श्री मंगलिया शाक्य ने उक्त अचल सम्पत्ति भवन का भाग स्थित सूर्या एकता कॉलोनी,गंजीवाला महौल्ला लक्कड़खाना लश्कर ग्वालियर में है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 56 है, जो मेरे पक्षकार ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरे पक्षकार के विक्रेता सतीश सर्वे पुत्र श्री दत्ताजी राव ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत स्वत्व स्वामित्व अधिपत्य में चली आ रही है। जो कि मेरे पक्षकार के विक्रेता के नाम सतीश सर्वे ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र सम्पादित नहीं हुआ मेरे पक्षकार के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :-पूर्व में- रोड, पश्चिम में - विक्रेता सम्पत्ति शेष भाग, उत्तर में-भवन सर्वे, दक्षिण में-भवन पाल जिसका कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफुट है। लेकिन मेरे पक्षकार के विक्रेता सतीश सर्वे पुत्र श्री दत्ताजी राव अचल सम्पत्ति भवन मेरे पक्षकार को विकित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या मेरे पक्षकार के विक्रेता सतीश सर्वे पुत्र श्री दत्ताजी राव के परिवार के किसी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 5 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरा पक्षकार उक्त अचल संपत्ति भवन का कुल क्षेत्रफल 300 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा पी. एन. बी. एच. एफ. एल. सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रहा है।जो सुचित हो ।

दिनांक-18.11.2025
स्थान- ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतरे 'मुरार'ग्वालियर
मो. 9300981954

न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड डबरा जिला ग्वालियर (म.प्र.)
प्रकरण क्रमांक 41 ए / 2025 आर सी एस ए

मुकेश..........वादी
बनाम
गीता आदि..........प्रतिवादीगण
बनाम
गीता पत्नी मुकेश यादव निवासी ग्राम रवार वृत बिलौआ तहसील डबरा जिला ग्वालियर म.प्र.

आम सूचना

आपको सूचित किया जाता है कि वादी ने आपको पक्षकार बनाकर यह वाद इस न्यायालय में पेश किया गया है। जिसमें आपकी प्रकरण में उपस्थिति होना है लेकिन आप प्रकरण में जारी तामील का पालन कर प्रकरण में उपस्थित नहीं हो रहे है इसलिये आपको निर्देशित किया जाता है कि आपको उक्त प्रकरण में यदि अपना पक्ष रखना है तो इस न्यायालय में नियत दिनांक 19.12.2025 को समय 11.00 बजे सुबह उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के स्वयं या अपने अभिभाषक जिनको प्रकरण का हाल समझा दिया गया हो, के माध्यम से पेश कर सकते है, उक्त नियत दिनांक को यदि किसी कारणवश न्यायालयीन अवकाश हो जाता है तो प्रकरण आगामी न्यायालयीन कार्यदिवस में सुनवाई में लिया जावेगा, कोई आपत्ति न आने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर वाद में निर्णय एवं डिक्री पारित कर दी जावेगी बाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। यह सूचना न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से दिनांक ......को जारी किया गया ।

न्यायाधीश आयुषी अग्रवाल
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड डबरा जिला ग्वालियर म.प्र.
नोटः यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भव्य जैन पुत्र श्री मनीष कुमार जैन आयु 11 वर्ष नाबालिग सरपरस्त माता श्रीमती धीरज बाथम पत्नी श्री मनीष कुमार जैन निवासी - म.न.6 पंडित विहार कालोनी, गोले का मंदिर ग्वालियर के द्वारा विक्रेता श्रीमती अर्चना जैन पत्नी आशीष जैन निवासी-फ्लैट न. 103, अनुभव अपार्टमेंट, चिटनिस की गोठ, गोविन्द आश्रम वाली गली, लश्कर, ग्वालियर, विक्रेता स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति प्रकोष्ठ का एक फ्लैट क्रमांक एफ-10, प्रथम मंजिल प्लॉट क्रमांक एफ 246, 247, 248, 269, 270 एवं 271 पर निर्मित बहुमंजिला भवन चिनाव अपार्टमेंट स्थित हरिशंकरपुरम ग्वालियर परगना व जिला ग्वालियर में स्थित है जिसका नगर निगम वार्ड भवन क्रमांक 58/2428 होकर वर्तमान में वार्ड क्रमांक 58 होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 500 वर्गफुट यानी 46.46 वर्गमीटर है जिसकी चतुर-सीमा पूर्व में नीचे खुली भूमि, पश्चिम में फ्लैट क्र.11, उत्तर में फ्लैट क्र.9, दक्षिण में खुली भूमि, ऊपर सेकण्ड फ्लोर नीचे ग्राउण्ड फ्लोर के भाग में स्थित है की सम्पत्ति को क्रय करने का अनुबंध दिनांक 12.11.2025 को समस्त गवाहान अग्रिम धनराशी अदा कर दिया गया है। उक्त अनुबंध के आधार पर रजिस्टर्ड बयनामा होना शेष है एवं उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जाना है यदि किसी व्यक्ति संस्था निकाय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अथवा सम्पत्ति के संबंध में कोई लेनदेन हो तो अथवा अपना स्वामित्व अधिकार अथवा रखता हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में सम्पर्क कर अपने संपूर्ण दस्तावेज के साथ आपत्ति दर्ज करावे। सूचना पत्र की अवधि व्यतीत होने पर मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति का बयनामा संपादित करा लेगा 10 दिवस पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी सो आमजन सूचित हो।

भवदीय : भव्य जैन पुत्र श्री मनीष कुमार जैन
आयु 11 वर्ष नावालिग सरपरस्त माता श्रीमती धीरज बाथम पत्नी श्री मनीष कुमार जैन निवासी- म.नं. 6 पंडित विहार कॉलोनी, गोले का मंदिर, ग्वालियर
द्वारा अधिवक्ता
श्याम पाठक, एडवोकेट
कार्यालयः शिवसागर हॉस्टल के सामने, मंगल नर्सिंग होम के पास, न्यू चन्द्र नगर, फूलबाग ग्वालियर
मोबाः 95848-43809, 74156-09612

आम सूचना

यहकि, श्री विशाल संतवानी एवं श्रीमती कंचनबाई पुत्र एवं पत्नी श्री गिरधारीलाल संतवानी के स्वामित्व की भवन संपत्ति 38, रतन कालोनी, जीवाजीगंज, लश्कर जिला ग्वालियर में स्थित है. जोकि 1650 वर्गफुट की है, जिसकी चतुरसीमा में पूर्व में भवन कमांक 39 श्री बत्रा जी, पश्चिम मे भवन क्रमांक बत्राजी 37, उत्तर में गली- कालोनी एवं दक्षिण मे रास्ता कालोनी जिसका नगर निगम भवन कमांक 51 होकर वार्ड क्रमांक 41 है। उक्त संपत्ति पूर्व मे गुरूदयाल सिंह पुत्र श्री हरवंश सिंह के स्वामित्व की थी। उनके द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में एक नोटराईज्ड वसीयत अपने पुत्रगण श्री राजेन्द्र सिंह संधू एवं अवतार सिंह संधू के हित में दिनांक 01/10/2011 को संपादित की। श्री गुरुदयाल सिंह जी का देहान्त दिनांक 10/10/2011 के उपरांत उक्त वसीयत के अनुसार उक्त संपत्ति के स्वामी श्री राजेन्द्र सिंह संधू एवं अवतार सिंह संधू हुए, उनके द्वारा उक्त संपत्ति दो अलग-अलग विक्रयपत्र के द्वारा विकयपत्र कमांक 1119 ख, दिनांक 28/07/2014 के द्वारा विशाल संतवानी एवं विक्रयपत्र क्रमांक 1077 दिनांक 24/07/2014 के द्वारा श्रीमती कंचनबाई को विक्रय की। विशाल संतवानी एवं कंचनबाई संतवानी से उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार श्रीमती सतविन्दर कौर सेठी एवं हरमीत सिंह सेठी के द्वारा क्रय की जा रही है जिस संबंध में दोनो पक्षकारों के मध्य विक्रय अनुबंध पत्र संपादित किया जा चुका है। उक्त संपत्ति को क्रय करने हेतू मेरे पक्षकारगण द्वारा भारतीय स्टेट बैंक से ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति में यदि किसी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वित्तीय संस्था या व्यक्ति आदि के कोई हित निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मुझसे मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी सबूतों के कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर लिखित में आपत्ति करें। अवधि गुजरने उपरांत मेरा पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का वयनामा अपने हित में संपादित करा कर उक्त संपत्ति को ऋणदाता बैंक के हित में बंधक रखेंगें। उक्त समस्त कार्यवाहियों के उपरांत उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, निकाय, वित्तीय संस्था आदि द्वारा किये गये समस्त दावे व कार्यवाहियां मेरे पक्षकार के हितों व बैंक के हितों के मुकाबले शून्य व निःप्रभावी समझे जावेंगे। दिनांक: 18/11/2025

भवदीयः **पीयूष चतुर्वेदी एडवोकेट**
मंदिर राम जानकी, लक्ष्मीबाई कॉलोनी, ग्वालियर मोबा. 94251-11650

व्यापारियों ने किया आशीष अग्रवाल का स्वागत

ग्वालियर। भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के दूसरी बार भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बनने पर व्यापारियों एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। मुकेश जैन के कार्यालय पर कार्यक्रम में अपने संबोधन में आशीष अग्रवाल ने एकता और संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन सिर्फ परिवार में ही नहीं, बल्कि व्यापार में भी सफलता की मूल कुंजी है। उन्होंने व्यापारियों को संगठित होकर कार्य करने की प्रेरणा दी। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, जेसीआई, लायंस क्लब सहित विभिन्न संगठनों ने आभार व्यक्त किया। आशीष अग्रवाल का स्वागत करने वालों में मुकेश जैन, संजय जैन, रश्मि जैन, पल्लवी जैन, ललित जैन भारती, आशीष जैन (बैंक), वरुण अग्रवाल, विपिन खेतान, आनंद शर्मा, रितेश सिंघल, अंबरीश जैन, शीतल जैन, पीयूष जैन, रूपेश जैन, शैलेन्द्र सिकरवार, राजू भदौरिया आदि शामिल थे।

अजाक्स का 23 नबंवर को भोपाल में कोई कार्यक्रम नहीं : मुकेश मौर्य

ग्वालियर। अजाक्स का 23 नबंवर को भोपाल में कोई कार्यक्रम नहीं है। अजाक्स के पूर्व स्वयंभू प्रांतीय अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारी संगठन की छवि धूमिल करने से बाज आए। यह बयान जारी करते हुए म.प्र.अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांताध्यक्ष चौ.मुकेश मौर्य ने कहा है कि सेवानिवृत्ति उपरांत जे.एन.कंसोटिया अजाक्स के प्रांताध्यक्ष पद का अनाधिकृत रूप से दुरुपयोग तत्काल बंद करें। प्रांताध्यक्ष मौर्य ने कहा कि अजाक्स के नाम पर उक्त अनाधिकृत कार्यक्रम को हमने तत्काल प्रभाव से निरस्त कराने के लिए रजिस्ट्रार,फ़र्म एंड सोसायटी एवं असिस्टेंट रजिस्ट्रार फ़र्म एवं संस्थाएं को पत्र लिखा है। कार्यक्रम निरस्त नहीं किए जाने पर वृहद स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जावेगा ।

छात्रों ने दिखाया विज्ञान का कमाल, शाला स्तरीय 'विज्ञान के जादू' प्रतियोगिता आयोजित '

ग्वालियर-विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश के तहत आर.एम.एस.ए. ग्वालियर के तत्वाधान में 'जादू नहीं विज्ञान है, समझना समझाना आसान है' कार्यक्रम के अंतर्गत शालेय स्तरीय प्रतियोगिता 'विज्ञान के जादू' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों का प्रदर्शन कर उनके पीछे निहित विज्ञान सिद्धांतों की व्याख्या भी की। प्रस्तुत प्रमुख गतिविधियों में— बिना तीली के हवनकुंड में आग जलाना, मंत्र शक्ति से पानी में आग लगाना, नारियल की जटा में आग उत्पन्न करना, हाइड्रोजन गैस तैयार करना, बोतल से बैलून फुलाना, नजर उतारने जैसे मिथकों के वैज्ञानिक कारणों को समझाना आदि शामिल रहे।

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 39, भवन क्रं. ..., स्थानः लोहागढ़ पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती सगुना शर्मा / स्व. श्री उमेश शर्मा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 1000183420 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत-पत्र क्रं. MP142602021 A3901971 दिनांक 26.10.2021 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 18.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं.71/2010/58193/58385/प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
विशाल शर्मा / श्री उमेश शर्मा
पताः लोहागढ़, वार्ड - 17, मो. 9959220610
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 18-11-2025

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 38, भवन क्रं. ..., स्थानः बेलदारपुरा पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मुकेश सिंह कुशवाह / श्री काशीराम कुशवाह के नाम से नगर निगम में आई. डी. क्रं.9000089435 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 760 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A1144814 दिनांक 05.02.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 07.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/58161/58353/ प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
सुनीता रजक / श्री बन्टी
पताः बेलदारपुरा, वार्ड - 38, मो. 8435675762
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 18-11-2025

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 17 वार्ड क्रं. 38, भवन क्रं. ..., स्थानः बेलदारपुरा पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती मोनू कुशवाह / श्री हर गोविन्द कुशवाह, श्रीमती हेमवती कुशवाह के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं.9000089434 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 322 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A11339669 दिनांक 20.11.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र ढोली बुआ का पुल क्षे.क्रं. 17 पर दिनांक 07.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रं. 71/2010/58164/58356/ प्र.क्रं.*3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
रवि चौरसिया / श्री सुरेश चौरसिया
पताः बेलदारपुरा, वार्ड - 38, मो. 8269723156
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 18-11-2025

नामांकन विज्ञप्ति / आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्रं. 19 वार्ड क्रं. 44, भवन क्रं. ..., स्थानः दुकान क्र.02 हुजरात मुख्य रोड पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती संतोष कुमार यादव / श्री सुन्दर लाल यादव, सौरभ यादव / श्री संतोष कुमार यादव के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रं. 9000093000 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 95 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्रं. A11325159 दिनांक 13.11.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन मेरे द्वारा ऑनलाईन आज दिनांक 18.11.2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रं. PT-28404 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियम अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
सुशीला बाई / श्री कल्लाराम चौरसिया
पताः दुकान क्र.02 हुजरात मुख्य रोड , वार्ड-44
विज्ञप्ति जारी दिनांकः 18-11-2025

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 43 भवन क्रमांक... स्थान मोर गली में स्थित है जो कि संजय मेहता/सोहन लाल मेहता, भरत मेहता/संजय मेहता के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1004373841 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 78.86 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602022ए1428230 दिनांक 25/4/2022 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गांधी मार्केट पर दिनांक 13/11/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 70/2010/48119/48118 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 18-11-2025
आवेदक का नाम/पता
अमर सोनी/संजय सोनी
पताः मोर गली, ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना
भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 05 भवन क्रमांक... स्थान जोधूपुरा, शील नगर में स्थित है जो कि पुष्पा पंचोली/धनीराम पंचोली के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000079502 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 440 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक आर-29102501566457 दिनांक 29/10/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अन्तर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र बहोड़ापुर पर दिनांक 18/11/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 60/2010/72980/73187 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 18-11-2025
आवेदक का नाम/पता
दिनेश माहौर/हरगोविन्द माहौर
पताः जोधूपुरा,शील नगर, ग्वालियर म.प्र.
मों नं: 9179196843